<u>संदेश</u>

शिक्षक दिवस के अवसर पर, मुझे सभी शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

हमारी संस्कृति में 'गुरु-शिष्य परंपरा' का बहुत महत्वपूर्ण स्थान रहा है। हमारा सौभाग्य है कि जिज्ञासु शिष्यों को सत्य का ज्ञान देने वाले महान गुरु, हमारी सभ्यता को प्राचीन काल से ही समृद्ध करते आ रहे हैं।

आज के दिन, शिक्षक दिवस के अवसर पर, हम प्रख्यात विद्वान और शिक्षाविद, पूर्व राष्ट्रपति, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के शिक्षक के रूप में अमूल्य योगदान को याद करते हैं।

इस पावन दिवस पर यह कामना है कि हमारे शिक्षक-गण, एक शांतिपूर्ण, समृद्ध और सुखमय राष्ट्र तथा विश्व का निर्माण करने में सहायता और मार्ग-दर्शन प्रदान करते रहें।